दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 18 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 269 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## विश्व एथलेटिक्स के फाइनल में पहुंचे भारत के स्टार नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा आज जापान के तोक्यो में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब की रक्षा की शुरूआत कर दी है। उन्होंने क्वालीफायर में 84.85 मीटर का थ्रो करते हुए फाइनल में एंट्री मारी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता इस ब्लॉकबस्टर प्रतियोगिता में ओलंपिक स्वर्ण विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम और डायमंड लीग चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिनसे उन्हें कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करने के लिए तैयार हैं, जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में अपने दूसरे स्थान का बदला लेने का मौका मिलेगा।

नीरज चोपड़ा को मौजूदा चैंपियन होने के नाते वाइल्ड कार्ड मिला है। वह डायमंड लीग चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर के साथ ग्रुप-ए में हैं। अरशद ग्रुप-बी में हैं, जिसमें पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी शामिल हैं।

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने इस साल की शुरूआत में तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 84.39 मीटर की विशाल थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता और एक दशक पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़ा। यह 80 मीटर से ऊपर उनका पहला थ्रो नहीं था, लेकिन राष्ट्रीय खेलों में उनके प्रदर्शन ने उत्तर प्रदेश के 6 फुट 5 इंच लंबे इस एथलीट का ध्यान खींचा।

## जब सपा मुखिया ने की गाजियाबाद सहित तीन जिलों की समीक्षा तब, पूर्व-वर्तमान अध्यक्षों सहित पूर्व विधायक भी देने पहुंचे परीक्षा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी अब चुनाव के लिये पूरी रणनीति के साथ आ रही है और वो अपने वोटर को चिन्हित कर रही है, वो सीटों को चिन्हित कर रही है और वो यहां ये भी समीक्षा कर रही है कि किन सीटों पर वो खुद लड़ेगी और वो किन सीटों को कांग्रेस के लिये छोड़ेगी। बुधवार को लखनऊ के लोहिया सभागार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन जिलों की समीक्षा की। इन तीन जिलों में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और बागपत जिले शामिल थे। बताते हैं कि यहां पर समीक्षा बैठक में सभी पर्व अध्यक्षों को भी बुलाया गया था और वर्तमान अध्यक्षों के साथ-साथ पूर्व विधायक भी समीक्षा बैठक में बुलाए गये थे। इसी बैठक में चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों को भी आमंत्रित किया गया था। लोहिया सभागार लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समीक्षा बैठक में गाजियाबाद वाले परीक्षा में पास हुए हैं, लेकिन उन्हें कुछ हिदायत भी दी गई है। इसके अलावा इस बैठक में 2027 की चुनावी रणनीति को लेकर विचार-विमर्श हुआ। पुराने रिकॉर्ड देखे गए और समीक्षा को बूथ स्तर पर भी देखा गया।

### गाजियाबाद जिले से पहुंचे थे प्रमुख सपाई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा मुखिया अखिलेश यादव की समीक्षा बैठक में गाजियाबाद से संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट पहुंचे। इसके अलावा पूर्व जिला अध्यक्षों की बात करें तो यहां रामकिशोर अग्रवाल, जेपी कश्यप, धर्मवीर डबास की मौजूदगी थी। राहुल चौधरी, राशिद मलिक इस बैठक में मौजूद थे।

### पूर्व विधायक से लेकर चुनाव लड़े उम्मीदवार भी पहुंचे बैठक में

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संगठन के चेहरे मौजूद थे, पार्टी के पूर्व विधायक मौजूद थे और वो चेहरे भी मौजूद थे जो पूर्व में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े हैं और जिन्हें 2027 का संभावित उम्मीदवार माना जाता है। इन चेहरों में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा, पूर्व विधायक जाकिर अली, पूर्व विधायक असलम चौधरी मौजूद थे तो चुनाव लड़े चेहरों में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, सिकंदर यादव, विशाल वर्मा और सिंह राज जाटव भी मौजूद थे।

### लोनी, धौलाना और मोदीनगर पर रहेगा सपा का फोकस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी अपने वोट गणित को साध रही है और वो उन सीटों पर फोकस कर रही है जहां पीडीए का गणित काम करेगा। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी सीटों के समीकरण के हिसाब से लोनी, धौलाना और मोदीनगर पर फोकस करेगी। इसके पीछे कारण भी यह बताया जाता है कि यहां पर समाजवादी पार्टी का वोट बैंक है और यहां वो अपनी रणनीति को फलीभूत कर सकती है। 2027 की रणनीति है। वहीं बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी यहां साहिबाबाद सीट को कांग्रेस के लिये छोड़ सकती है। इसके अलावा वो अन्य सीटों पर भी अपने कार्यकताओं से फीडबैक ले रही है। इस बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि कांग्रेस को कौन सी सीटें दी जानी चाहिए।

### जब अखिलेश यादव ने राशिद, राहुल, फैसल, वीरेंद्र, विशाल को बुलाया और अपने साथ बिठाया

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीतिक दलों की बैठक में बड़े नेताओं की बॉडी लैंग्वेज बहुत कुछ बताती है। बड़े नेता किसे पास बिठा रहे हैं, किसे इग्नोर कर रहे हैं, इसके संदेश दूर तक जाते हैं। यही से पता चलता है कि चुनावी रण के अलग-अलग मोर्चों पर सारथी कौन होंगे। लखनऊ वाली बैठक में समाजवादी पार्टी अपने युवा नेताओं पर फोकस करेगी और इसका मुलाहिजा भी हो गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक मौके पर सपा के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद मलिक, मौजूदा जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और सपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके विशाल वर्मा को मंच पर बुलाया और उन्हें अपने साथ बिठाया। संगठन और चुनाव के इन युवा चेहरों को साथ लेकर सपा मुखिया ने एक बड़ा संदेश दिया और यहां से समाजवादी पार्टी की रणनीति के भी संकेत मिल रहे हैं।



### लखनऊ वाली बैठक से मिले गठबंधन के संकेत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लखनऊ में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और बागपत जिले की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सबसे पहले तीन सीटों पर चर्चा हुई, उसके बाद साहिबाबाद सीट को लेकर मार्जिन का गणित साधा गया। फिर मुरादनगर की बात हुई और जब बैठक में मौजूद सपा नेताओं से ही ये पूछा गया कि वो कौन सी सीटें कांग्रेस को देनी चाहिए। इन शब्दों से स्पष्ट हो गया कि समाजवादी पार्टी 2027 के चुनावी रण में गठबंधन करेगी। यहां पर साहिबाबाद सीट और नोएडा सीट पर घटत और बढ़त का मार्जिन भी देखा गया। इसी बैठक में तीन सीटों पर फोकस रहा और यहीं से संकेत मिले कि शहर सीट और साहिबाबाद सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती है।

**जब बैठक में मौजूद सपा नेताओं से पूछा गया कि कौन सी सीटें कांग्रेस को देनी चाहिए। इससे स्पष्ट हो गया कि पार्टी 2027 के चुनावी रण में गठबंधन करेगी।**

### बूथ करेगी मजबूत और पीडीए पर फोकस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समीक्षा बैठक में सपा मुखिया ने चुनावी रण का मूल मंत्र मजबूत बूथ को दिया। 2027 की चुनावी रणनीति को साध रहे अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से लेकर संगठन पदाधिकारियों और चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से स्पष्ट कहा कि अगर जीत का लक्ष्य हासिल करना है तो हमें बूथ तक पहुंचना है। यहां पर पीडीए वोटर पर फोकस करने की बात हुई। शोषित और वंचित वर्ग के मतदाताओं तक सपाई पहुंचेंगे।

### बीएलए बनाओ और वोटों पर काम करो

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी वोट पर फोकस कर रही है। लखनऊ वाली बैठक में ये संदेश स्पष्ट हुआ। जब यहां पर ये तय हुआ कि बीएलए बनाए जाने हैं और वोटों पर काम होना है। बूथ पर पूरा फोकस है और उस सर्वे टीम का भी जिक्र हुआ जिसमें 50 लोग आए थे और समीक्षा करके गए थे। हर बूथ की रिपोर्ट वैरिफाई करने की बात हुई। चुनाव की तैयारी की बात हुई और ये स्पष्ट कर दिया गया कि जो भी दावेदार उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ना चाहता है वो बीएलए बनाए। संगठन से तालमेल के साथ काम करे। यहां पर कार्यकर्ताओं से पूछा भी गया कि कौन सी सीट हमें खुद रखनी है और कौन सी सीट गठबंधन को देनी है, ये कार्यकर्ताओं से एक तरह का सलाह-मशविरा था।

## विकसित भारत-आत्मनिर्भर यूपी संकल्प @2047 पर गाजियाबाद में सीएम आदित्यनाथ योगी का दौरा



**आगमन**

**"20 सितम्बर को आएंगे मुख्यमंत्री, शताब्दी पर्व से जुड़े कार्यक्रम की करेंगे समीक्षा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 सितम्बर को गाजियाबाद दौरे पर आ रहे हैं। यह दौरा विकसित भारतझविकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारतझआत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के शताब्दी संकल्प @2047 (समृद्धि का शताब्दी पर्व) के तहत हो रहा है। इस अभियान का लक्ष्य हर नागरिक को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएँ देना, उद्योग और कृषि क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को बढ़ावा देना है।

सीएम योगी यहां जिले में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार में तैयारी बैठक हुई। बैठक में डीएम ने साफ कहा कि कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल और मार्ग पर सफाई, सौंदर्यकरण और यातायात व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त हो। साथ ही पार्किंग, बिजली, रोशनी, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम स्थल पर 12 अलग-अलग सेक्टरों से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, ग्राम्य विकास और समाज कल्याण जैसे सेक्टर शामिल होंगे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर सेक्टर का अलग क्रिएटिव तैयार किया जाए और मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम बनाया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर कठिनाई न आए। बैठक में जीडीए, नगर निगम, जल निगम, लोनिवि, शिक्षा, सूचना समेत तमाम विभागों के अफसर मौजूद रहे।

### डीएम ने किया स्थल का निरीक्षण

करंट क्राइम। बैठक के बाद जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने खुद कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उन्होंने साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीसीपी आलोक प्रियदर्शी, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




## गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों से जाम की समस्या होगी दूर

# 60 करोड़ की लागत से सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण

**बड़ा कदम**

**"आउटर रिंग रोड अब 45 की जगह 60 मीटर चौड़ी होगी**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** राजनगर एक्सटेंशन में लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या को खत्म करने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाया है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने हाल ही में अधीनस्थ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिसमें इस क्षेत्र की जोनल प्लान की आउटर रिंग रोड और अन्य सड़कों को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस बैठक में यह बताया गया कि राजनगर एक्सटेंशन के गोल चक्कर से बंधा रोड और सिटी फॉरेस्ट होते हुए लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क और उससे लगी 7 किलोमीटर की आउटर रिंग रोड को 45 मीटर के स्थान पर 60 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इस काम को तेजी से शुरू कर दिया गया है और इसके लिए टोटल स्टेशन सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि टीएसएस की रिपोर्ट अगले एक सप्ताह में मिल जाएगी। सड़क चौड़ी होने के बाद न केवल वाहनों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि यह बड़ी आबादी के साथ-साथ प्राधिकरण की हरनंदीपुरम योजना को भी लाभ पहुंचाएगी।

सड़क चौड़ीकरण के अलावा, जीडीए शहरी अवस्थापना निधि के तहत इस क्षेत्र की कुछ अन्य सड़कों के सुदृढ़ीकरण पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। इन परियोजनाओं में ये काम शामिल हैं:

- एके चिल्ड्रन सोसाइटी के सामने 18 मीटर चौड़ी सड़क का बचा हुआ निर्माण कार्य।
- जीडी गोयनका स्कूल से स्टेडियम को जोड़ने वाली आउटर रिंग रोड का सुदृढ़ीकरण।
- अजनारा सोसाइटी से होकर जाने वाली 45 मीटर चौड़ी जोनल सड़क और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़क को बेहतर बनाना।
- सोना पैलेस से गुलमोहर सोसाइटी के पीछे के गेट तक 45 मीटर चौड़ी सड़क को मजबूत करना।
- मोरटी मोड़ से राज एम्पायर सोसाइटी तक 24 मीटर चौड़ी जोनल रोड और बंधा रोड से ज्योति सुपर तक की सड़कों का सुदृढ़ीकरण।

इन सभी कार्यों से यातायात न सिर्फ सुगम होगा, बल्कि धूल से होने वाले वायु प्रदूषण से भी लोगों को निजात मिलेगी।

# दर्द में दून : नदी के दूसरे छोर से अपने घरों को निहार रहे लोग

## भगवान से हाथ जोड़कर कर रहे घर को सुरक्षित रखने की प्रार्थना







लोगों की आंखों में आंसुओं के साथ खौफ भी साफ नजर आ रहा है।

**देहरादून।** हे विधाता कन रुठि तू, त्वै तें दया भि नि आई... नदी के दूसरे छोर से अपने घरों को निहार रहे हर किसी व्यक्ति की जुबान पर बस यही बात थी। हर कोई यही कह रहा था कि जान तो बच गई लेकिन जीवनभर की खून-पसीने की कमाई उनके मकान खतरे की जद में है। बस यही चिंता सता रही थी कि यदि नदी का पानी बढ़ा तो उनके जीवन की पूंजी उसमें समा न जाए। ऐसे में हर प्रभावित भगवान से उनके घरों को सुरक्षित रखने की प्रार्थना कर रहा था। आपदा पीड़ित पुष्पा, अंशिका, मोतीलाल वर्मा और नीरज कुमार रात से ही अपने घर के बाहर बैठे हैं। उनकी आंखों में आंसूओं के साथ खौफ भी साफ नजर आ रहा है।

उनका कहना है कि वे करीब 25 वर्षों से यहां पर रह रहे हैं यह पहली बार है जब कुदरत ने इस तरह का कहर बरपाया है। आज उनके लिए जीवन बचाने के साथ ही अपनी पूंजी बचाना मुश्किल हो गया है। बताया के रात में पहले करीब एक बजे और दूसरी बार करीब साढ़े चार बजे बादल फटा तो नदी में बहकर आए पत्थर उनके घर से टकराने लगे। बहाव तेज हुआ था तो ऊपर से भारी मात्रा में मलबा आ गया। कहा कि उन सभी के घर सहस्त्रधारा नदी के किनारे है। जब बहाव तेज हुआ था तो ऊपर से भारी मात्रा में मलबा आ गया। इसके बाद रात में ही प्रशासन ने उन्हें घरों से निकलने के लिए कहा। वे तभी से बाहर बैठे हैं। आपदा पीड़ित लोगों ने बताया कि वे अपने घरों से गहने और पढ़ाई संबंधी व अन्य जरूरी दस्तावेज ले आए हैं।

# मोदी@75 पीएम के जन्मदिन पर भाजपा ने शुरू किया 'सेवा पखवाड़ा'

### हैप्पी बर्थडे पीएम

"केंद्र और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों ने 2 अक्टूबर तक देश भर में किए कार्यक्रम आयोजित




**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों और नेताओं ने उनके नेतृत्व की सराहना की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस उपलक्ष्य में 15 दिन से ज्यादा समय के लिए सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। केंद्र और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों ने 2 अक्टूबर तक देश भर में स्वास्थ्य शिविर लगाने से लेकर स्वच्छता अभियान चलाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेलों और बुद्धिजीवियों के समागम तक कई तरह के जन संपर्क, कल्याण, विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। मोदी स्वयं मध्यप्रदेश के धार जा रहे हैं, जहां वह महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर केंद्रित एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत करेंगे।

### सीपी राधाकृष्णन ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश के प्रति उनका अद्वितीय समर्पण और प्रतिबद्धता प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा है। भाजपा नेताओं और अन्य दलों के सदस्यों ने मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, जिन्होंने 2014 के बाद से अपनी पार्टी को अभूतपूर्व भौगोलिक विस्तार और चुनावी सफलता दिलाई है।

### राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण और अथक परिश्रम से देश को नई ऊर्जा दी है। उसे एक नई दिशा दिखाई है। सिंह ने कहा कि उन्होंने विश्व स्तर पर भारत की क्षमता और सम्मान को बढ़ाया है। लोगों व गरीबों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री पिछले पांच दशक से भी अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। वह प्रत्येक नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं।

### आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार को खत्म कर विश्वगुरु बने

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग की प्रगति के लक्ष्य के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए कई परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान मिली है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता बताया और कामना की कि उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बने। आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार को खत्म कर विश्वगुरु बने।

### राष्ट्रपति द्रौपरी मुर्मू ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की दी बधाई



वह जनजातीय आबादी पर केंद्रित एक कार्यक्रम सहित कई अन्य विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे और लोगों को संबोधित भी करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार करने के लिए उनकी प्रशंसा की। मुर्मू ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि आज विश्व समुदाय भी आपके मार्गदर्शन में अपना विश्वास प्रकट कर रहा है। उनका आभार व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार 140 करोड़ से अधिक नागरिकों की मदद से एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहेगी। उन्होंने उनके दृष्टिकोण और विचारों को प्रेरणादायक बताया।

### विपक्ष ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और दीघायु होने की कामना भी की। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा इस शहर के साथ खड़े रहे और पिछले 11 वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी की जरूरतों का ध्यान रखा।

**140 करोड़ भारतीयों की आशाओं एवं आकांक्षाओं का पथप्रदर्शक बताया :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उन्हें 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं एवं आकांक्षाओं का पथप्रदर्शक बताया।

आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं-आकांक्षाओं के संवाहक, वैश्विक मंच पर 'नए भारत' को अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाले, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, हम सभी के मार्गदर्शक एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

# कांग्रेस को झटका : कोर्ट ने दिए पीएम की मां का एआई वीडियो हटाने के निर्देश

"वीडियो में दिवंगत हीराबेन मोदी का किरदार बेटे को राजनीतिक लाभ के लिए अपने नाम का दुरुपयोग करने पर फटकार लगाता नजर आता है।







**पटना।** कांग्रेस द्वारा पीएम मोदी और उनकी मां के एआई वीडियो मामले पर सुनवाई करते हुए पटना हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है।अदालत ने कांग्रेस से तत्काल रूप से इस वीडियो को हटाने का निर्देश दिया है।

पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पी।बी। बाजंतरी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्देश जारी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी को अपमानित करने वाला ये वीडियो तत्काल प्रभाव से सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा दिया जाए।

दरअसल, 10 सितंबर को बिहार कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया गया था, जिसमें पीएम मोदी के सपने में उनकी मां का एआई-आधारित चित्रण किया गया है।

### बीजेपी ने दर्ज कराई एफआईआर




बीजेपी ने अपनी शिकायत में दावा किया गया कि ये वीडियो न केवल प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल करने वाला है, बल्कि महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन भी है। दिल्ली पुलिस ने पहले ही 13 सितंबर को बीजेपी कार्यकर्ता संकेत गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई एफआईआर में वीडियो को पीएम मोदी और उनकी मां की छवि को बदनाम करने वाला बताया गया है।

वीडियो में दिवंगत हीराबेन मोदी का किरदार बेटे को राजनीतिक लाभ के लिए अपने नाम का दुरुपयोग करने पर फटकार लगाता नजर आता है। एक दृश्य में पीएम मोदी जैसा दिखने वाला शख्स बिस्तर पर लेटते हुए कहता है, 'आज की वोट चोरी हो गई, अब अच्छी नींद लो।' फिर सपने में उनकी मां प्रकट होकर उन्हें नसीहत देती हैं। वीडियो को एआई द्वारा बनाया मार्क किया गया था, लेकिन बीजेपी ने इसे घिनौना और मां का अपमान करार दिया था। साथ ही इस वीडियो को खिलाफ पटना हाईकोर्ट का रुख किया था।

**कांग्रेस ने किया था बचाव :** कांग्रेस ने अपनी इस वीडियो का बचाव किया था। पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, 'यह वीडियो किसी का अपमान नहीं करता। मां केवल अपने बच्चे को राजधर्म सिखा रही है, अगर पीएम को ये अपमानजनक लगता है तो ये उनकी समस्या है।'

खेड़ा ने जोड़ा कि वीडियो में कोई असम्मान नहीं है और बीजेपी इसे सहानुभूति बटोरने के लिए इस्तेमाल कर रही है। बिहार कांग्रेस ने आंतरिक जांच शुरू की है ताकि पता लगाया जा सके कि वीडियो साझा करने वाले कौन जिम्मेदार थे।

# छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर



### आत्मसमर्पण

"आत्मसमर्पण करने वाले 12 नक्सलियों को 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक दिया गया

**नारायणपुर:** छत्तीसगढ़ पुलिस और सुरक्षाबलों के 'नक्सल उन्मूलन अभियान' के तहत एक और बड़ी सफलता मिली है। 17 सितम्बर 2025 को नारायणपुर में 12 सक्रिय नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया (भापुसे) के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने की शपथ ली। इनमें 2 एरिया कमेटी सदस्य समेत कुल 18 लाख रुपये के इनामी नक्सली शामिल हैं। इससे पहले 11 सितंबर को नक्सलियों के स्लीपर सेल के 16 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण किया था।

**18 लाख के इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण:** बुधवार को आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एरिया कमेटी सदस्य, जनताना सरकार अडयाभ, मिलिट्री लाटून सदस्य, प्लाटून पार्टी सदस्य, सीएनएम सदस्य, मिलिशिया कमांडर और जनताना सरकार सदस्य शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, ये सभी नक्सली लंबे समय से सक्रिय थे और विभिन्न वारदातों में शामिल रहे हैं। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव, लगातार कैम्पों की स्थापना, नक्सलियों की अमानवीय और आधारहीन विचारधारा, बाहरी माओवादियों द्वारा भेदभाव और महिलाओं के शोषण से त्रस्त होकर उन्होंने मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया। इंटेरोगेशन में नक्सलियों ने स्वीकार किया कि शीर्ष माओवादी लीडर ही आदिवासियों के असली दुश्मन हैं, जो जल-जंगल-जमीन और न्याय के झूठे सपनों का लालच देकर ग्रामीणों को गुलाम बनाते हैं। महिला नक्सलियों के साथ शारीरिक और मानसिक शोषण की बात भी उन्होंने खुलकर सामने रखी।

**सरेंडर करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि:** आत्मसमर्पण करने वाले सभी 12 नक्सलियों को 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक दिया गया।

# आने वाले चुनावों में ईवीएम में उम्मीदवारों की होगी रंगीन फोटो

### नया प्रयोग

"चुनाव आयोग बिहार से एक नए प्रयोग की शुरूआत कर रही है, जिसके तहत ईवीएम बैलेट पेपर में अब उम्मीदवारों की रंगीन फोटो होगी

## बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने जारी की नई गाइडलाइन






चुनाव आयोग की ओर से अभी तारीखों ऐलान नहीं हुआ है। हालांकि, मतदान के तारीखों के ऐलान से पहले नई गाइडलाइन जारी की है।

**नई दिल्ली।** बिहार में आने वाले कुछ हफ्तों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होंगे। चुनाव आयोग की ओर से अभी तारीखों ऐलान नहीं हुआ है। हालांकि, मतदान के तारीखों के ऐलान से पहले नई गाइडलाइन जारी की है। आयोग बिहार से एक नए प्रयोग की शुरूआत कर रही है, जिसके तहत ईवीएम बैलेट पेपर में अब उम्मीदवारों की रंगीन फोटो होगी। इससे पहले फोटो ब्लैक एंड व्हाइट हुआ करते थे।

चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बैलेट पर उम्मीदवारों की फोटो रंगीन छापी जाएंगी। पहले ये प्रयोग बिहार में किया जा रहा है, इसके बाद अन्य राज्यों में इसे बाद में लागू किया जाएगा।

नए बदलाव के तहत, उम्मीदवार का चेहरा बैलेट पेपर पर तीन-चौथाई के हिस्से को घेरेगा। इससे मतदान की पहचान करने में आसानी होगी। इसके अलावा क्रम संख्या को भी अब पहले से ज्यादा प्रमुखता दी जाएगी। यह पहल चुनाव की पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है।

# प्राधिकरण की देखरेख वाली कालोनियों में डेंगू की रोकथाम के लिए उठाए जाएंगे कदम

## बिल्डरों के द्वारा विकसित सोसाइटियों में एओए को एहतियात बरतने हेतु किया जाए निर्देशित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की राजधानी दिल्ली सीमा से लगे गाजियाबाद में डेंगू के बढते मामलों के मद्देनजर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा आयोजित बैठक के दौरान प्राधिकरण की देखरेख वाली कालोनियों में डेंगू की रोकथाम के लिए एरिया के लोगों को जागरूक करने के साथ साथ एहतियाती कदम उठाने के दिशा निर्देश निर्देश जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान निजी विकासकर्ताओं के द्वारा विकसित उन तमाम टाउनशिप में जहां एओए का गठन हो गया है, एओए के प्रतिनिधियों से जागरूकता के साथ हर संभव कदम उठाने का आग्रह किया जाए। बैठक के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि प्राधिकरण द्वारा देख रेख की जा रही कॉलोनियों मे फॉगिंग किया जाए साथ ही लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि जिला प्रशासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का पालन किया जाए जिनमें मुख्यतः घरो के आस-पास पानी को एकत्र न होने दिया जाए और कूलर आदि का पानी समय समय पर बदलते रहे व घर की छतों पर टायर आदि में पानी एकत्र न होने पाए इसके लिए हर संभव कदम उठाए जाए। इसके लिए जी डी ए ने दिशा निर्देश जारी करने हेतु निर्देशित किया।

# पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सीएम रेखा गुप्ता ने किया रक्तदान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई संदेश आ रहे हैं। कई देशों के नेताओं ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं और उनके लंबे और सुखमय जीवन की कामना की। कुछ नेताओं ने पीएम मोदी की बौद्धिकता और उनकी नेतृत्व क्षमता को सराहा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) को खास बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने विशेष तैयारी की है। दिल्ली सरकार बुधवार से सेवा पखवाड़ा शुरू किया, जिसके तहत पहले दिन से उद्घाटन, शिलान्यास और जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कई अन्य मंत्रियों के साथ सुबह इंडिया गेट पर 'सेवा संकल्प पदयात्रा' में भाग लिया। इसके बाद सीएम ने कर्तव्य पथ पर आयोजित एक शिविर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान किया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गाजियाबाद जिला अस्पताल में नई स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारंभ

## पीएम मोदी के जन्मदिवस पर बी.एल. संतोष ने किया उद्घाटन, रक्तदान शिविर और सेवा कार्यों से गूंजा अस्पताल




उद्घाटन करते हुए


मंच पर आसीन


मरीजों से मिलते हुए

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर गाज़ियाबाद जिला अस्पताल का माहौल बुधवार को पूरी तरह सेवा और समर्पण से सराबोर दिखा। भाजपा की परंपरा के अनुरूप जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए अस्पताल में न सिर्फ.नई स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण किया गया, बल्कि मरीजों को फल वितरण, माताओं और नवजात शिशुओं को उपहार, रक्तदान शिविर और पौधरोपण जैसे कई कार्यक्रम भी आयोजित हुए। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और उन्होंने जिला अस्पताल में 6 नए आईसीयू एवं वेंटिलेटर बेड की स्थापना का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि बी.एल. संतोष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस सेवा कार्यों को समर्पित करना हमारे लिए प्रेरणादायी है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार जीवन बचाने और समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। हमें सेवा भाव को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाना होगा और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करना होगा।


स्वागत करते हुए

### सांसद और उद्योगपति का सहयोग

करंट क्राइम। इन नई सुविधाओं की स्थापना गाज़ियाबाद सांसद अतुल गर्ग के मार्गदर्शन और उद्योगपति विपिन गर्ग (गुडलक वाले) के सहयोग से संभव हुई। जिला अस्पताल प्रशासन ने कहा कि आईसीयू और वेंटिलेटर बेड बढ़ने से गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी।


आईसीयू कक्ष

### नवजात और माताओं के लिए उपहार

करंट क्राइम। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में जन्मे प्रत्येक शिशु को 500 रुपए और उनकी माताओं को भी 500 रुपए नगद उपहार दिए गए। इसके साथ ही सभी माताओं को बेबी किट और डायपर का पैकेट भेंट किया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी फल वितरित किए गए।


मरीजों से मिले हुए





### रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर ह्लसेवा पखवाड़ाह्व के तहत अस्पताल में रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।



### कई दिग्गज नेता रहे मौजूद

करंट क्राइम। कार्यक्रम में प्रदेश कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी (मुरादनगर), विधायक नंद किशोर गुर्जर (लोनी), सांसद कांता कर्दम, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एमएलसी दिनेश गोयल, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






उमड़ा सैलाब

### सेवा और समाजहित का दिया संदेश

करंट क्राइम। इस अवसर पर नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि सेवा और समाजहित के कार्यों को समर्पित करने का दिन है। गाज़ियाबाद में आयोजित यह कार्यक्रम उसी सोच का प्रतीक है।








# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पीएम के जन्मदिन पर दिया सेवा, समर्पण, पर्यावरण का संदेश

## दो घंटे तक रहे बीएल संतोष भी गए सांसद अतुल गर्ग का विजन देख





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग राजनीति के खिलाड़ी है और वो ये जानते हैं कि संदेश किस तरह से दिया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उन्होंने अपनी लोकसभा में एक बड़ा संदेश दिया। यहां पूरी भाजपा एक परिवार का संदेश दिया। सबको एक साथ कनेक्ट किया और यहां उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पर्यावरण, स्वास्थ्य, मानवसेवा का संदेश दिया। सांसद अतुल गर्ग ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर एक पूरी रूपरेखा बनाई, एक कार्यक्रम का प्लान तय किया और फिर इस प्लान से उन्होंने अपने विजन को स्पष्ट कर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष आए, बड़े कद के नेता हैं, संगठन के प्रमुख चेहरों में गिनती होती है औरयहां से अतुल गर्ग ने भविष्य की राजनीति में क्या विजन हो सकता है उसका मुलाहिजा किया। वो पार्टी को लेकर किस तरह से चलते हैं यह साबित किया और सबसे बड़ी बात ये रही कि उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ये साबित कर दिया कि लोकसभा में विकास से लेकर स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। परोपकार से लेकर पर्यावरण पर काम हो रहा है। हर विधानसभा में काम हो रहा है और सब मिलकर काम कर रहे हैं।

### दो घंटे गाजियाबाद में रहे राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपने कार्यक्रम की रूपरेखा बहुत ही बारीकी से तय की। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष जब गाजियाबाद पहुंचे तो उन्होंने अपने भाषण में भी इस बात का जिक्र किया और कहा कि कई बार लोग औपचारिकता निभाते हैं, लेकिन यहां अपने हाथों से कुछ करने का संदेश देखकर प्रसन्न हूं। उन्होंने आईसीयू यूनिट जनता को समर्पित करने पर खुशी जताई और कहा कि ये उस वर्ग के काम आएगा जो सामान्य वर्ग कहा जाता है। कम पैसों में यहां उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी। भाजपा कार्यकताओं का रक्त किसी जरूरतमंद मानव को एक जिंदगी देगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के जरिये पर्यावरण का एक बड़ा संदेश दिया गया है।

### बोले बीएल संतोष रखा जाए इसका नाम नमो-वन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष बुधवार को गाजियाबाद में थे और वो यहां अतुल गर्ग की लोकसभा में हर विधानसभा से निकलता सेवा का एक संदेश दे रहे थे। दो घंटे गाजियाबाद में रहे राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष यहां पूरी तरह प्रसन्न नजर आए और उन्होंने विजयनगर में जब पौधारोपण किया तो उन्हें बताया गया कि यहां पहले ही 81 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वाटिका का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां हीराबाई बेन वाटिका रखा गया है। बीएल संतोष ने कहा कि यह इतना बड़ा क्षेत्र है और पांच साल बाद यह पूरा वन हो जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इसका नाम नमो-वन रखा जाए और हरियाली का एक संदेश यहां से जाएगा।

### जब दिया पीएम के जन्मदिन पर जन्मे बच्चों को आशीर्वाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में किलकारी गूंजी। छह बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन यानी 17 सितंबर को सरकारी अस्पताल में जन्म लिया। इन नवजात शिशुओं को आशीर्वाद देने के लिये बीएल संतोष स्वयं पहुंचे। उन्होंने यहां बच्चों की माताओं को फल, एक शगुन का लिफाफा और आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हो सकता है कि इनमें से कई लोग अपने बच्चों का नाम नरेंद्र रखें।

उन्होंने अपने कार्यक्रम को बहुत ही शानदार ढंग से साधा। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष जब गाजियाबाद में आए तो सबसे पहले पौधारोपण के जरिये संदेश दिया। फिर सरकारी अस्पताल में आईसीयू यूनिट को जनता के लिये समर्पित किया और रक्तदान के जरिये मानव सेवा का संदेश दिया। दूसरी विधानसभा में दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये। जीवन के प्रति एक आसावान नजरिया दिया। उन्होंने एक संदेश दिया कि भाजपा एक परिवार है, यहां हर कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिये तैयार है और अतुल गर्ग ने अपने कार्यक्रम में सबको कनेक्ट किया। एक सफल कार्यक्रम उनके नाम रहा।

# जब अतुल गर्ग ने कराया परिचय और किया सभी को सपोर्ट

## मगर, हैरान रह गए जब बीएल संतोष ने पूछ लिया पुत्रवधुओं से किसको दिया वोट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का कार्यक्रम हो और पारिवारिक मेहमान नवाजी का सीन नहीं हो ऐसा हो नहीं सकता। ये उनकी संस्कृति है कि अतिथि देवा भवः के साथ वो पूरे परिवार वाली संस्कृति में रहते हैं। बीते दिनों दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जब उनके फार्महाउस पर आई थी तो यहां भोजन पकाने से लेकर भोजन परोसने तक परिवार के लोग थे। बुधवार को राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष जब उनके घर पहुंचे तो यहां परिवार भी था, भाजपा परिवार भी था और बेहद खुशनुमा माहौल था। बीएल संतोष जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के घर पहुंचे तो यहां उन्होंने सबसे पहले अतुल गर्ग के परिवार के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। वो पूरे परिवार से मिल रहे थे और इसी दौरान बीएल संतोष ने एक ऐसा सवाल उनकी पुत्रवधुओं से किया कि खुद सांसद अतुल गर्ग हैरान रह गए, लेकिन पुत्रवधुओं ने भी साबित किया कि वो भाजपा डीएनए वाले परिवार से हैं और उन्होंने सही जवाब दिया। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने पुत्रवधुओं से ये पूछ लिया कि आपने विधानसभा में किसको वोट दिया, तब दोनों पुत्रवधुओं ने बिना देरी लगाए कहा कि हमने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अजीतपाल त्यागी को वोट दिया है। यह सुनकर बीएल संतोष भी प्रसन्न हुए और ये एक उदाहरण था कि केवल अतुल गर्ग ही नहीं उनका परिवार भी विधानसभा की भौगोलिक संरचना, राजनीकि स्थिति और चुनावी उम्मीदवारों से पूरी तरह परिचित हैं।

### कुछ इस तरह से कराया अतुल गर्ग ने कैबिनेट मंत्री टू मेयर का परिचय

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीएल संतोष जब सांसद अतुल गर्ग आवास पर पहुंचे तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, एमएलसी दिनेश गोयल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मौजूद थे। सांसद अतुल गर्ग ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से परिचय कराया और बताया कि यह हमारे पिताजी के बहुत करीब रहे हैं, इन्हें हमारे पिता का स्नेह प्राप्त हुआ है। इसके बाद उन्होंने मेयर सुनीता दयाल का परिचय कराया और कहा कि यह हमारे परिवार की सदस्य हैं। धौलाना विधायक धर्मेश तोमर का परिचय कराया और कहा कि यह दो बार से विधायक हैं। इसी तरह उन्होंने एमएलसी दिनेश गोयल और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप का परिचय कराया और जब मौका महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के परिचय का आया तो यहां अतुल गर्ग ने उन्हें ओजस्वी बताते हुए अध्यक्ष वाला परिचय कराया।

# मोदी ने बदल दी देश की तस्वीर: बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 76वें जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं—हर घर शौचालय, पक्का मकान, उज्ज्वला योजना, बैंक खाते और सीधे लाभ हस्तांतरण जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों को सम्मानजनक जीवन दिया है।



त्यागी ने कहा कि सफाई अभियान की शुरूआत कर मोदी ने देश को स्वच्छता की राह पर आगे बढ़ाया। आर्थिक सुधारों से भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुँचेगा। धारा 370 और 35ए की समाप्ति, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और धार्मिक स्थलों का विकास मोदी के नेतृत्व की बड़ी उपलब्धियाँ हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है और दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर उनकी छवि स्थापित हुई है। उन्होंने कामना की कि मोदी स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और इसी जज्बे से देश का नेतृत्व करते रहें।

## संपादकीय

# विवादों में चुनाव आयोग

चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जो संविधान के अनुसार देश में चुनाव प्रक्रिया का संचालन करता है। संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते आयोग से उम्मीद की जाती है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करेगा। देश में नागरिकों के मताधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी इसी की है। ऐसे में सवाल है कि अगर चुनाव आयोग कानून और मानदंडों के मुताबिक अपना काम कर रहा है तो उसकी कार्यप्रणाली को संदेह की नजर से क्यों देखा जा रहा है?


आयोग पर निष्पक्षता और पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप बार-बार क्यों लग रहे हैं? बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठने की वजह क्या है? इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय ने भी गंभीरता से लिया है। हालांकि शीर्ष अदालत ने उम्मीद जताई है कि बिहार में चुनाव आयोग एसआइआर में कानून का पालन कर रहा होगा। साथ ही आगाह भी किया है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस पूरी प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा। इससे साफ है कि चुनाव आयोग पर विश्वास की नींव अब कमजोर होती नजर आ रही है।

बिहार में सबसे पहले एसआइआर की प्रक्रिया के समय को लेकर सवाल उठे थे। विपक्षी दलों का तर्क था कि राज्य में कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और यहां से एसआइआर की शुरूआत करना चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर संदेह पैदा करता है। इसके बाद देश एवं राज्य की नागरिकता के प्रमाण के लिए तय किए ग्यारह दस्तावेजों में आधार कार्ड को शामिल नहीं करने पर आयोग सवालों के घेरे में आ गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने आयोग को इस विषय पर विचार करने को कहा था, लेकिन आयोग ने यह तर्क देते हुए इनकार कर दिया कि आधार कार्ड पर विश्वास नहीं किया जा सकता। इसके बाद शीर्ष अदालत को इस पर नए सिरे से निर्देश देना पड़ा, तब आयोग ने बिहार में अंतरिम व्यवस्था के रूप में आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण दस्तावेजों की सूची में शामिल किया। यहां गौर करने वाली बात है कि आज बैंक खाता खुलवाने से लेकर रसोई गैस के पंजीकरण के लिए आधार जरूरी है, तो फिर उसकी विश्वसनीयता को स्वीकारने में संकोच क्यों है। और फिर इस बात की क्या गारंटी है कि आयोग ने नागरिकता प्रमाण के तौर पर जिन ग्यारह दस्तावेजों को शामिल किया है, उनमें कोई फजीर्वाड़ा नहीं हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार है और उसे देश भर में एसआइआर की प्रक्रिया शुरू करने से रोका नहीं जा सकता। सवाल सिर्फ यह है कि इस प्रक्रिया में कानून का पालन हो रहा है या नहीं। चुनाव आयोग अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बिहार में जो आशंकाएं पैदा हुई हैं, उनके निराकरण के बिना आयोग आगे कैसे बढ़ सकता है। इसमें दो राय नहीं कि मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। सूची से उन लोगों के नामों को हटाना जरूरी है, जिनकी मौत हो चुकी है या जिनके पास वैध मतदाता पहचान पत्र नहीं हैं। मगर, इस कवायद में यह ध्यान रखना भी जरूरी है कोई पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न हो। इसका उत्तरदायित्व भी चुनाव आयोग का ही है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 313 अंक चढ़ा, निफ्टी 25300 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 313.02 अंक उछलकर 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 91.15 अंक की बढ़त के साथ 25,330.25 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन क्या-क्या हुआ घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिकी टीम के साथ बातचीत की खबरों के बीच लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। उत्साहित निवेशकों ने आईटी, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में मजबूत खरीदारी की। फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच बाजार में तेजी 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 313.02 अंक या 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 361.26 अंक या 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,741.95 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 91.15 अंक या 0.36 प्रतिशत चढ़कर 25,330.25 पर पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका-भारत के बीच सकारात्मक बातचीत से शेयर बाजार में तेजी आई।




### एशियाई बाजारों में दिखा मिला-जुला रुख

एशियाई बाजारों में शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग हरे निशान पर बंद हुए। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत घटकर 68.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जमकर खरीदारी की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने 308.32 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को सेंसेक्स 594.95 अंक या 0.73 प्रतिशत बढ़कर 82,380.69 पर बंद हुआ। निफ्टी 169.90 अंक या 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों का कैसा रहा हाल सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, ट्रेंट और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे। हालांकि, बजाज फिनसर्व, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों में नरमी आई। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दौरे पर आए अमेरिकी दल के साथ दिन भर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों पक्ष समझौते को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी बनाने के लिए प्रयास करने पर सहमत हुए। अमेरिकी अधिकारियों के साथ एक दिवसीय बैठक के बाद मंत्रालय ने कहा, पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रयास तेज करने का निर्णय लिया गया।

# ट्रंप के टैरिफ से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार तीसरे महीने घटा, GTRI ने किया दावा

**नई दिल्ली।** ट्रंप के टैरिफ के कारण अगस्त में भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार तीसरे महीने गिरा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में निर्यात तेजी से घटकर 6.7 अरब डॉलर रह गया, जो जुलाई की तुलना में 16.3 फीसदी की गिरावट है। यह 2025 की सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। यह गिरावट तब आई जब अमेरिका ने 27 अगस्त को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क दोगुना कर 25 फीसदी से 50 फीसदी कर दिया। किस महीने हुई कितनी गिरावट गिरावट जून में शुरू हुई। मई में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, जिसने निर्यात को 8.8 अरब डॉलर तक पहुंचा दिया, जून में निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 8.3 अरब डॉलर रह गया।



### जून से शुरू हुआ गिरावट का सिलसिला

जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ में बढ़ोतरी निर्यात में गिरावट को दशार्ती है। अप्रैल तक, भारतीय सामान नियमित शुल्कों के तहत अमेरिका में आते थे। 5 अप्रैल से 10 प्रतिशत सार्वभौमिक टैरिफ लगाने के वाशिंगटन के फैसले का शुरूआत में ज्यादा असर नहीं हुआ, क्योंकि खरीदारों ने मई में ही खरीदारी शुरू कर दी थी। लेकिन जून आते-आते, नए शुल्कों ने भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया और ऑर्डर दूसरे आपूर्तिकताओं के पास चले गए। हालांकि, अगस्त में हुई बढ़ोतरी ने सबसे बड़ा झटका दिया। टैरिफ पहले 25 प्रतिशत तक बढ़े और फिर तीन हफ्तों से भी कम समय में दोगुने होकर 50 प्रतिशत हो गए, जिससे निर्यातकों के पास खुद को ढालने का ज्यादा समय नहीं बचा।

# 'जीएसटी करदाता 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हुए'

## लोगों के पास होगी अधिक नकदी : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आएंगे। इससे लोगों के हाथ में अधिक नकदी होगी, जो अब तक करों के रूप में चली जाती थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यह बात कही।

12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाले 99 फीसदी वस्तु 5% वाले स्लैब में आए वित्त मंत्री ने बुधवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आउटरीच और इंटरेक्शन कार्यक्रम को संबोधित किया। सीतारमण ने कहा कि इन सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत 99 प्रतिशत वस्तुओं पर कर की दर पांच प्रतिशत हो गई है। वहीं, 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत के स्लैब में आ गई हैं।



उन्होंने कहा कि कुछ एफएमसीजी दिग्गज कंपनियों सहित कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को उसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर को नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है। जीएसटी परिषद आजादी के बाद गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय मंत्री ने बताया कि जीएसटी राजस्व 2018 (वित्त वर्ष 2017-18) में 7.19 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया। सीतारमण के अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है। यह आजादी के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले की कर संरचनाओं को कर आतंकवाद बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के हिस्से के रूप में जीएसटी के कार्यान्वयन में बहुत अधिक कवायद की गई।

### जीएसटी सुधार लागू होने के बाद अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपये आएंगे

उन्होंने कहा, इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था में केवल दो स्लैब (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपये आएंगे। लोगों के हाथ में नकदी होगी। उन्होंने कहा कि दरों में फेरबदल करने से पहले एनडीए सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा। ये पांच पहलू हैं गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देना जो देश में रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।
- क्या आप जानते हैं? शेर एक बच्चे के लिए लगभग 3,000 बार संभोग करते हैं!
- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- तुर्की में कहावत है एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया।

# आईटी विभाग ने मैरिको समूह के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान चलाया




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों पर सर्वेक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा की ओर से की जा रही है।

आईटी विभाग ने बताया कि कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं। आईटी कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए कंपनी से तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका।

मैरिको भारत की अग्रणी उपभोक्ता वस्तु कंपनियों में से एक है जो वैश्विक सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रेणियों में काम करती है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत और एशिया व अफ्रीका के चुनिंदा बाजारों में बेचे गए अपने उत्पादों के जरिए उसने 1.3 बिलियन डॉलर का कारोबार हासिल किया। सर्वेक्षण अभियान के एक हिस्से के रूप में कर विभाग जांचाधीन इकाई के व्यावसायिक परिसर का औचक दौरा करता है।

## 18 09 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



नन्दनी राय (अभिनेत्री)



सनाया इदरीशी | लाव्य कागरा | पलक कश्यप | सुनीता नागपाल



शिवाली गोला | प्रीति शर्मा | भूमि शर्मा | मुस्कान राजपूत | राजेश त्यागी



राष्ट्रवर्धन अरोड़ा | सचिन कुमार | उमंग अग्रवाल | नीरज त्यागी | कृपाल सिंह



गौरव शर्मा | अफजल खान | चन्द्रपाल सिंह | गौतम शिशौदिया | हिमांशु शर्मा | सुदर्शन पंडित



जितेन्द्र कुमार | प्रशांत कौशिक | विशाल अग्रवाल | विशाल सिरोही | राजू भट्ट | तुषार शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष :** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है।

**वृष :** आज आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में आपकी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आप आगे बढ़ने के लिए कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन :** आज आप घर और ऑफिस दोनों जगह शांतिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। आपका अनुभव मजेदार होगा और आप इससे प्रेरित होंगे।

**कर्क :** गर्भवती महिलाओं के लिए दिन अच्छा नहीं कहा जाएगा। चलते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत। बड़े समूह में भाग लेना दिलचस्प साबित होगा

**सिंह :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। नियोजित कार्य को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कन्या :** आज आपको आलस्य और थकान का अनुभव होगा। कोर्ट का लंबित काम पूरा होगा। प्रेमियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। आमदनी में सुधार होगा।

**तुला :** शारीरिक लाभ के लिए विशेष रूप से मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं।

**वृश्चिक :** दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति होना तय है। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। महिलाएं खरीदारी के लिए जा सकती हैं।

**धनु :** आज कोई विशेष कार्य या आकर्षक योजना आपको दिन भर घेरे रहेगी। आपका पूरा दिन बस यही सोचते-सोचते बीत जाएगा।

**मकर :** शारीरिक और मानसिक बीमारी की जड़ दुख हो सकता है। अतिरिक्त आय के लिए अपने रचनात्मक विचारों का प्रयोग करें।

**कुंभ :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपने व्यवसाय में नए प्रयोग करने में सफल रहेंगे। ऑफिस में अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

## चुटकुले

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।

---

टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

---

संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अभिनेत्री दिशा पटानी के घर फायरिंग कांड के आरोपी बदमाश गाजियाबाद में मुठभेड़ में ढेर

## यूपी एसटीएफ और क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने किया पूरा ऑपरेशन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पटानी के घर पर हुई फायरिंग के मामले में फरार बदमाशों से बुधवार को गाजियाबाद के थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट और सीआई यूनिट दिल्ली की संयुक्त कार्रवाई में दोनों शातिर अपराधी रविन्द्र कहनी, रोहतक और अरुण पल निवासी इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड, सोनीपत गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है।

12 सितंबर को मची थी सनसनी

करंट क्राइम। 12 सितंबर की सुबह करीब 3:45 बजे बरेली स्थित अभिनेत्री दिशा पटानी के घर पर अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज

### एसटीएफ की टीम लगातार कर रही थी

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश शासन की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभिसूचना संकलन, आने-जाने वाले मार्गों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और आस-पास राज्यों के अपराधियों के रिकॉर्ड से मिलान कर दोनों बदमाशों की पहचान की गई।

### रोहित गोदारा-गोल्डी बरार गैंग से जुड़े

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच स्वाट टीम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के पुलिस के अनुसार रविन्द्र और अरुण कुख्यात रोहित गोदारा-गोल्डी बरार गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। रविन्द्र पहले भी कई सनसनीखेज वारदातों में शामिल रह चुका है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मौके से ग्लॉक पिस्टल, जिगाना पिस्टल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए।

# राज नगर रामलीला महोत्सव में खाटू श्याम की वंदना के साथ हुआ भक्ति पूर्ण माहौल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से रामलीला मैदान में श्री खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि मॉडर्न नेशनल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुनील त्यागी ने दीप प्रज्वलित किया। साथ ही समिति के सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने परिवार सहित गणेश जी एवं खाटू श्याम की पूजा अर्चना की।

इस महोत्सव में सर्वप्रथम श्री गणेश की आराधना कर सभी प्रकार के विघ्न बाधा दूर करने की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात जय श्री श्याम म्यूजिकल ग्रुप की ओर से आए भजन गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है कीर्तन की है रात , से जहां खाटू श्याम को मनाया वहीं फिर मनुहार की- किस बात पे रूठे हो आकर तो बताओ सही तेरे बिन मनमोहन दिल मेरा ये लगता नहीं, इसके बाद - खाटू में जब जब ग्यारस की शुभ रात जगाई जाती है बैठा कर सामने बाबा को हर बात सुनाई जाती हैं और फिर दे दिया श्री कृष्ण को एक पल में शीश दान खाटू के बाबा श्याम तुम हो देवता महान आदि दर्जनों भजन गाकर उनकी स्तुति की गई। मनमोहक भजन प्रस्तुत कर भजन गायकों ने सभी का मन मोह लिया। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु देर तक झूमते नाचते नजर आए।

इस मौके पर रामलीला समिति के मुख्य संरक्षक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता एवं श्रीमती उषा गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल एवं रेशमा मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, आर एन पाण्डेय, राजीव मोहन , मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल एवं श्रीमती आशा अग्रवाल, अमरीश त्यागी स्थानीय पार्षद प्रवीन चौधरी,सुभाष शर्मा, के.पी .गुप्ता, जी.पी. अग्रवाल, मुकेश मित्तल एवं प्रीति मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल एवं सौरभ गर्ग मोतीलाल गर्ग, मदन लाल हरित, सुन्दर लाल यादव, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, दीपक कांत गुप्ता , डॉ आरके मित्तल , दिनेश शर्मा, आलोक मित्तल, वीरेन्द्र सारस्वत, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश भोला, योगेश गोयल , विजय लुम्बा सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मसौता जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, विरोध में धरने पर बैठे कांग्रेसी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा और कार्यकताओं को पुलिस ने बुधवार को मसूरी के मसौता गांव में जाने से रोक दिया। रोके जाने के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने कार्यकताओं के साथ वहीं धरने पर बैठ गए। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें मनाने की बहुत कोशिश की लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए।

उनके साथ तरुण शर्मा, रियाज सैफी, दिनेश कुमार, इरफान अली, व ब्लॉक अध्यक्ष शिवदास अदना भी थे। काफी देर तक जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानने के लिए तैयार नहीं हुए तो पीडित परिवार के सदस्य को बुलाकर उनकी मुलाकात कराई गई। पीडित परिवार के सदस्यों ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को आपबीती सुनाई। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर वे कार्यकताओं के साथ मसूरी के मसौता गांव में हुई मारपीट के पीडितों से मुलाकात करने जा रहे थे।

गांव से पहले ही भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। वहां पहुंचते ही पुलिस अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को रोक दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस की जांच चल रही है आप गांव नहीं जा सकते है।

### पुलिस ने पीडितों को बुलाकर कराई मुलाकात

**करंट क्राइम।** सतीश शर्मा ने कहा कि इस पर कार्यकताओं ने पूछा कि जब गांव में कर्फ्यू नहीं लगा है तो जाने में क्या दिक्कत है। इस पर पुलिस की ओर से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जब पुलिस नहीं जाने देने को लेकर अडी रही तो कांग्रेस कार्यकताओं ने वहीं धरना दे दिया। कांग्रेस कार्यकताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक मिलने नहीं दिया जाएगा जब तक हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि पूरी घटना की सच्चाई पुलिस छिपा रही है। काफी देर बाद विरोध को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि पीड़ित परिवार को यहीं पर बुलाकर आपकी मुलाकात करवा देते हैं। कुछ समय बाद पीड़ित परिवार से बृजेश जाटव पुत्र नरेश जाटव और उनके भाई तनुज जाटव को बुलाकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कराई।

### पुलिस के माध्यम से फैसले के लिए दबाव बनाया जा रहा है

**करंट क्राइम।** जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना से पूर्व में जब वे लोग शिकायत लेकर गए थे तो 9 लोगों ने अपने घर में बंद कर बुरी तरह पिटाई की। जब हम लोग बेहोश हो गए तब छोड़ गया था। इसके बाद यह विवाद बढ़ गया। अब आरोपी पुलिस के माध्यम से जबरन फैसले का दबाव बना रहे हैं। हमें सुरक्षा प्रदान की जाए और जो लोग पांच फरार चल रहे हैं उनको तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

पीड़ित परिवार के सदस्यों ने कहा कि उनका अच्छे हास्पिटल में इलाज कराया जाए। पुलिस इस केस को दबाने में लगी हुई है। दोषियों को जेल में भेज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय बास्केटबॉल एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता का समापन, छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विद्या भारती की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय बैडमिन्टन एवं बास्केट बॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। 15 सितंबर से नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर, में आयोजित प्रतियोगिता में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 20 जिलों व उत्तराखण्ड के लगभग 400 खिलाडी छात्र-छात्राओयं ने भाग लिया। बुधवार को इस खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में विद्या भारती पश्चिम उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, विद्या भारती पश्चिम उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय खेल संयोजक सत्यपाल सिंह ने स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाडी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही डोमेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में सभी खिलाडियों को खेल के प्रति हमेशा प्रयासरत रहने की प्रेरणा भी दी।

बैडमिन्टन प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में क्रमशः नैनीताल, कमला नगर आगरा तथा शामली के खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में क्रमशः नैनीताल, कमला नगर आगरा तथा एटा के खिलाड़ियों प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अंडर-19 बालक वर्ग में क्रमशः शामली, नैनीताल तथा कमला नगर आगरा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में हापुड़, मुजफ्फरनगर तथा धामपुर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में क्रमशः बागेश्वर उत्तराखण्ड, साहिबाबाद तथा एटा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में शास्त्री नगर मेरठ, काशीपुर उत्तराखण्ड, शाहजहाँपुर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

बास्केट बॉल प्रतियोगिता में अंडर-17 बालिका वर्ग में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर, नेहरू नगर, गाजियाबाद ने प्रथम स्थान तथा अंडर-14 व अंडर-19 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 एवं 19 में मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में भी दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर, नेहरू नगर, गाजियाबाद ने प्रथम तथा अंडर-17 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व अंडर-17 में नैनीताल तथा अंडर-19 में मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अपार सफलता के लिए खेल विभाग के प्रभारी रविंद्र मोहन शर्मा, विपिन शर्मा, लेफ्टिनेंट राजबाला सैनी को बधाई दी गई।

विद्यालय के प्राचार्य विपिन राठी ने कहा कि सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने पूरे लगन और पारदर्शिता के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी के अथक प्रयासों से यह प्रतियोगिता संपन्न हुई।

# प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी का मनाया गया जन्मदिन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली स्थित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, और चिकित्सा केंद्र की नवनियुक्त प्रबंधक डॉ शिखा ने भाग लिया। इस अभियान के तहत महिलाओं को होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के बारे में बताया गया।

पार्षद कुसुम गोयल ने सभी आए व्यक्तियों को पेय पदार्थ बांटा। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें स्वस्थ रहने के तरीके बताए गए।

कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों ने समुदाय की सेवा करने का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी लंबी आयु की कामना की।

# सेवा पखवाड़े में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- हैप्पी बर्थडे मोदीजी, 17 योजनाओं का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े की शुरूआत हुई। सेवा पखवाड़े में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- हैप्पी बर्थडे मोदीजी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर 17 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सेवा पखवाड़े के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली के लोगों को 75 नई योजनाओं की सौगात मिलेगी। आज 17 योजनाओं का लोकार्पण गृह मंत्री अमित शाह ने किया है, बाकी की परियोजनाओं का लोकार्पण सेवा पखवाड़े के दौरान किया जाएगा।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प देश के 7 करोड़ देशवासियों को घर, सिलेंडर, बिजली, पानी, उनके कल्याण का है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया है। उनको थैंक्यू।' अमित शाह ने कहा, हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि पीएम मोदी लंबे-लंबे समय तक भारत का इसी तरह से नेतृत्व करते रहें। वहीं, अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, राहुल बाबा, कांग्रेस पार्टी घुसपैठिया बचाओ यात्रा लेकर निकली है, घुसपैठियों के वोट से चुनाव जीतना चाहते हैं।

# आम आदमी पार्टी यूपी में चलाएगी हर घर संपर्क अभियान बैठक में तय की गई रूपरेखा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी जल्द ही हर घर संपर्क अभियान चलाएगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर जाकर विधानसभा, ब्लॉक, वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम करेगी।

पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी व आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश के कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए हर घर संपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसी अभियान को लेकर बुधवार को शहर विधानसभा में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष निमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विशिष्ट आमंत्रित मुख्य वक्ता के रूप में संगठन प्रभारी डॉ छवि यादव ने कहा कि हर घर संपर्क अभियान के अंतर्गत आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर जाकर विधानसभा, ब्लॉक, वार्ड स्तर तक संगठन निर्माण करेगी। बैठक का संचालन कर रहे आयोजनकर्ता शहर विधानसभा (56) अध्यक्ष मुकेश प्रजापति ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन से लेकर घर, बूथ लेबल तक जाना है कार्यकताओं को पूर्व की भांति उसी ऊर्जा के साथ पुनः लगना होगा तभी पार्टी की गतिशीलता मिलेगी जिस से एक बेहतर संगठन उभर कर आयेगा। इस अवसर पर बैठक में संगठन प्रभारी डॉ छवि यादव,जिलाध्यक्ष निमित यादव, शहर विधान सभा अध्यक्ष मुकेश प्रजापति,जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट इरफान खान, जिला उपाध्यक्ष रवीश सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष सतीश गहलोत, जिला सचिव शिल्पी सचान ,,वरिष्ठ नेता अकिल हुसैन आदि उपस्थित

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने किया सफाईकर्मियों को सम्मानित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के मौके पर भाजपा की ओर से सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। इसके तहत कई आयोजन किए जा रहे है। बुधवार सुबह प्रताप विहार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष शामिल हुए। इस मौके पर पौधारोपण किया गया। भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीए संतोष ने सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा और भाजपा पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण किया। इसके अलावा उन्होंने सफाई कर्मचारियों को गिफ्ट भेंट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सीएचएसपी स्कूल से एक मार्च निकाला गया। यह मार्च क्षेत्र के कई स्थानों से गुजरा। मार्च के दौरान लोगों को घर व अपने आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की गई।



# इंदिरापुरम वार्ड 100 में मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 100 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षा मंजुला गुप्ता, अजय गुप्ता, पार्षद संजय सिंह, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्षा विंदा, वार्ड 100 अध्यक्ष आर एन राय जी, और वार्ड 100 सचिव गोपाल शर्मा सहित सहित बीजेपी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

वार्ड 100 के बीजेपी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। मंडल अध्यक्षा मंजुला गुप्ता कार्यक्रम में शामिल हुईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी।

पार्षद संजय सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। वार्ड 100 के निवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त किया। सभी लोगों ने समुदाय की एकता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एकजुटता दिखाई।

# पार्षद छाया संजय त्यागी ने किया सेवा कार्यक्रमों का आयोजन



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर निगम गाज़ियाबाद की पार्षद छाया संजय त्यागी ने विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया और स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया। पार्षद छाया संजय त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित करने का अवसर है। वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे और सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# यशोदा मेडिसिटी ने महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आयोजित किया सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सत्र




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी के यशोदा इंस्टिट्यूट ऑफ कैंसर केयर महिला कैंसर सेंटर ने के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर से बचावः परिस्थितियों से समाधान तक विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के समर्थन में किया गया। इसी के साथ यशोदा मेडिसिटी ने दो सप्ताह लंबा महिला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें कैंसर केयर, कार्डियक केयर, मानसिक स्वास्थ्य, पल्मोनोलॉजी और अन्य प्रमुख विशेषज्ञताओं में विशेषज्ञ देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी।

इस कार्यक्रम में सुनीता दयाल महापौर, गाजियाबाद उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिलाओं के कैंसर अनुभव और समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, ऑन्कोलॉजिस्ट और गायनेकोलॉजिस्ट ने ल्ढश टीकाकरण, पाप स्मियर और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

यशोदा मेडिसिटी की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा, हमारा लक्ष्य ऐसा स्वास्थ्य वातावरण बनाना है जहाँ रोकथाम को इलाज जितना ही महत्व दिया जाए। सर्वाइकल कैंसर समय पर जांच और उपचार से पूरी तरह रोका जा सकता है। इस तरह की पहल के माध्यम से हम जागरूकता फैलाकर हर महिला को स्वस्थ और लंबा जीवन जीने का अवसर देना चाहते हैं।

मेयर सुनीता दयाल ने कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यह देखना




गौरव की बात है कि यशोदा इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर विमेन्स कैंसर सेंटर महिलाओं की कैंसर देखभाल और रोकथाम से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं में नेतृत्व कर रहा है। ऐसे प्रयास स्वस्थ परिवारों और समावेशी वैश्विक विकास को सशक्त बनाते हैं।

डॉ. सतिंदर कौर, सीनियर डायरेक्टर और हेड, गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी व रोबोटिक सर्जरी, ने कहा, समय पर जांच कराना जीवन बचाने में सबसे बड़ा कदम है। यह कार्यक्रम महिलाओं को प्रेरित करता है कि वे अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और बिना किसी झिझक के जांच सेवाओं का लाभ लें।

यह दो सप्ताह का अभियान स्वास्थ्य शिविरों, मुफ्त जांच और जागरूकता कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगा। इससे यशोदा मेडिसिटी की महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।

# पप्पू पहलवान ने पीएम के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज वार्ड 78, शालीमार गार्डन स्थित दयानन्द पार्क सोसाइटी में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान का नेतृत्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया। स्वच्छता अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया।

अभियान के दौरान नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों सोनू एवं अशोक को उनके योगदान के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतीक माथुर, अभिषेक श्रीवास्तव, परवीन शर्मा, उमेद भंडारी, सुमन झा, नवनीत भारती, रजत श्रीवास्तव, डिंपल चौधरी, रवींद्र जैन, प्रीति शर्मा, राजन कुमार, जी पी सिंह, सुनील त्यागी, शैतान सिंह, रोहित सप्रू, अरविंद झा, भान गौरव आदि उपस्थित रहे।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर से विवाद में फंसे एसीपी अजय सिंह का तबादला अयोध्या



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर और गाज़ियाबाद के एसीपी अजय सिंह के बीच हुआ विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। भागवत कथा की शोभायात्रा को लेकर हुए इस टकराव के कई महीनों बाद अजय सिंह का गाज़ियाबाद से तबादला कर उन्हें अयोध्या भेज दिया गया है।

यह पूरा मामला उस समय शुरू हुआ था जब विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अपने क्षेत्र में भागवत कथा की शोभायात्रा निकालने की तैयारी की। इस दौरान एसीपी अजय सिंह ने प्रशासनिक निदेशों का हवाला देते हुए यात्रा को रोक दिया। इसी को लेकर विधायक और अधिकारी के बीच बहस हो गई। कहा जाता है कि दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और मौके की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गए। विवाद बढ़ने पर यह मामला राजनीतिक रंग लेने लगा। स्थिति को संभालने के लिए भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। कई दिनों तक यह टकराव स्थानीय मीडिया और राजनीतिक हलकों में सुर्खियों में छाया रहा।

### लंबे समय से साइड लाइन चल रहे थे अजय सिंह

**करंट क्राइम :** घटनाक्रम के बाद एसीपी अजय सिंह को गाज़ियाबाद में लंबे समय तक साइडलाइन करके रखा गया। अब बुधवार की शाम जारी हुई पीपीएस अधिकारियों की तबादला सूची में उनका नाम भी शामिल कर लिया गया है। आदेश के अनुसार, अजय सिंह को गाज़ियाबाद से स्थानांतरित कर अयोध्या भेजा गया है। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि यह तबादला नंदकिशोर गुर्जर के साथ हुए विवाद और उसके बाद बनी परिस्थितियों का ही परिणाम है।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का निर्देश सुधारी जाए वर्किंग व टाइमली हो काम

## यूपी 112 से लेकर ह्यूमन ट्रैकिंग सिस्टम पर दिया जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में कमिश्नरेट की विभिन्न शाखाओं और प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक की। इस अहम बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) केशव चौधरी, पुलिस उप आयुक्त (मुख्यालय) धवल जायसवाल, पुलिस उप आयुक्त (अपराध) सहित यूपी-112, वरिष्ठ नागरिक सेवा, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, महिला सहायता सेवाएं, जनशिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस प्रकोष्ठ और पिंक बूथ जैसे सभी प्रमुख प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

**बीते चार महीना की वर्किंग का मूल्यांकन :** बैठक का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को त्वरित, संवेदनशील और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए अब तक के कामकाज का मूल्यांकन करना और भविष्य की दिशा तय करना रहा।

### पुलिस आयुक्त का संदेश जनता की सेवा सर्वोपरि



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने स्पष्ट किया कि गाजियाबाद पुलिस प्रशासन का मूल उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, संवेदनशील और उत्तरदायी सेवा प्रदान करना है। प्रत्येक प्रकोष्ठ अपने कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और उच्चतम स्तर की जवाबदेही सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से सीधे संवाद बनाए रखें और हर सेवा को इस तरह संचालित करें कि लोगों का विश्वास और भरोसा पुलिस पर लगातार मजबूत होता रहे।

### बैठक के अहम बिंदु

**यूपी 112 सेवा :** कॉल रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा कर इसे और तेज और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।
**पिंक बूथ :** महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिंक बूथों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई और इन्हें और संवेदनशील व तत्पर बनाने पर जोर दिया गया।
**गुमशुदगी मामले :** विशेषकर नाबालिगों की गुमशुदगी में तत्काल कार्रवाई और सभी इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए।
**वरिष्ठ नागरिक सेवा :** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सहयोग के लिए निरंतर संपर्क बनाए रखने और हर स्तर पर मददगार बने रहने को कहा गया।
**जनशिकायत प्रकोष्ठ :** शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने और फीडबैक प्रणाली को और मजबूत बनाने पर बल दिया गया।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान

## महर्षि कश्यप पार्क में मूर्ति की सफाई कर दी शुरूआत
## जनता दरबार में लोगों से किया सामाजिक कार्यों का आन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को गाजियाबाद में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर दिन की शुरूआत की। उन्होंने सेक्टर 23 स्थित महर्षि कश्यप पार्क में पहुंचकर महर्षि कश्यप की विशाल प्रतिमा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**जनता दरबार में लोगों से संवाद :** स्वच्छता कार्यक्रम के बाद मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने आवास स्थित कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने आने वाले लोगों से संवाद करते हुए अपील की कि हर नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर समाजहित में कोई न कोई कार्य अवश्य करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सदैव देश और जनता की चिंता करते हैं। उनके जन्मदिवस पर अगर हम समाज के लिए कोई छोटा सा भी योगदान देते हैं, तो यह उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा होगा। चाहे वह किसी गरीब की मदद करना हो, किसी बीमार की सेवा करना हो या फिर पर्यावरण और स्वच्छता से जुड़ा कार्य, हर नागरिक को आज संकल्प लेना चाहिए।

**स्वच्छता और सेवा का संदेश :** मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के साथ-साथ समाज सेवा, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित को हमेशा प्राथमिकता दी है। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज की चिंता करेंगे और दूसरों की मदद में हमेशा आगे रहेंगे।



### प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता का आंदोलन चलाया : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** मूर्ति की सफाई और पार्क में झाड़ू लगाने के बाद मंत्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन को एक जनांदोलन का रूप दिया है, वह सदियों तक याद किया जाएगा। स्वच्छता केवल सफाई का अभियान नहीं बल्कि स्वास्थ्य, संस्कार और समाज के विकास से जुड़ा संकल्प है।





**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह :** मंत्री कश्यप के नेतृत्व में हुए स्वच्छता अभियान में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे माहौल में प्रधानमंत्री के विकास कार्यों और उनकी प्रेरणा से समाजसेवा के प्रति जागरूकता का संदेश दिखाई दिया।

# गाजियाबाद में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण को लेकर अधिकारियों का प्रशिक्षण

## सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मिली जिम्मेदारियों और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। नगर मजिस्ट्रेट संतोष कुमार उपाध्याय और उप जिलाधिकारी विराग पाण्डेय ने अधिकारियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इसमें सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के दायित्व, ईआरओनेट 2.0 प्रशिक्षण और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण जैसे विषय शामिल रहे। कार्यक्रम में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हरिकृष्ण शर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# क्राइम ब्रांच स्वाट टीम का का बड़ा खुलासा

## फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 लड़के लड़कियां गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद की स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच और थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बड़े साइबर गिरोह का पदार्फाश किया है। यह गिरोह फर्जी कॉल सेंटर के जरिए विदेशी नागरिकों, विशेषकर अमेरिका के लोगों को हेल्थ सर्विस का लालच देकर ठगी कर रहा था।

पुलिस ने मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, नकदी व एक कार बरामद की है।

### अमेरिकी नागरिकों को हेल्थ सर्विस के नाम पर करते थे ठगी
### 25 डेस्कटॉप, लैपटॉप, नकदी और एंडेवर कार बरामद




### इंटरव्यू के बाद भर्ती किए जाते थे ठगी करने वाले

**करंट क्राइम।** ब्रांच स्वाट टीम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारियों को इंटरव्यू के बाद भर्ती किया जाता और उन्हें इंसेंटिव आधारित वेतन दिया जाता था। यहां करीब 25 लोग काम करते थे, जिनमें 3 महिलाएं फिलहाल फरार हैं। फिलहाल पुलिस ने विशेष उपाध्याय (39), निवासी क्रॉसिंग रिपब्लिक, , अजय कुमार यादव (33), निवासी बदरपुर, दिल्ली, लवेश त्यागी (27), निवासी डूंडाहेड़ा, रविश कुमार सिंह (28), निवासी शंकर विहार, , सुमित त्यागी पुत्र (21), निवासी छपरौला, गौतमबुद्ध नगर, ललितांशु त्यागी (29), निवासी राकेश मार्ग, , लोकेश (29), निवासी सैफ विहार, संदीप यादव (25), निवासी सैफ विहार, प्रकाश सिंह नेगी (29), निवासी उत्तराखंड (वर्तमान पताझ क्रॉसिंग रिपब्लिक) ललितांशु कौशल (26), निवासी मेरठ (वर्तमान पताझ क्रॉसिंग रिपब्लिक) अंकुर पुत्र शैलेन्द्र कुमार (25), निवासी गोरखपुर (वर्तमान पताझ क्रॉसिंग रिपब्लिक) को गिरफ्तार करने का काम किया है।

### एंडेवर कार से लेकर तर्जनों लैपटॉप कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद



**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर के खुलासे के दौरान कंप्यूटर डेस्कटॉप 25, पावर अडॉप्टर 25, कीबोर्ड 25, हेडफोन 25, माउस 25, यूपीएस : 11, मोबाइल फोन : 02, लैपटॉप : 01, राउटर : 09, मुहर : 03, नकदी 20 हजार रुपए, वाहन : एंडेवर कार मिली है।

### ऐसे चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर



**करंट क्राइम।** एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार क्राइम ब्रांच स्वाट टीम के प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया है कि पुलिस ने क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित ऑलबाइट प्लाजा की 5वीं मंजिल पर छापा मारा। यह से ऑफिस संचालित किया जा रहा था। मास्टरमाइंड विशेष उपाध्याय अमेरिकी नागरिकों का ऑनलाइन डेटा खरीदकर कर्मचारियों को उपलब्ध कराता था। जहां कॉल सेंटर के कर्मचारी खुद को नामी अमेरिकी कंपनियों के प्रतिनिधि बताकर लोगों को झांसा देते थे। मेडिकेयर हेल्थ सर्विस के नाम पर लोगों की निजी और आर्थिक जानकारी हासिल कर अमेरिका में बैठे साथियों टोनी और जाके को बेच दी जाती थी।

### गाजियाबाद में कई सालों से चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच स्वाट प्रभारी अनिल राजपूत ने जानकारी दी है कि यह गिरोह पिछले कई वर्षों से सक्रिय था और अमेरिकी कंपनियों का नाम लेकर वहां के नागरिकों को ठग रहा था। इस कार्रवाई से न केवल साइबर अपराध पर लगाम लगी है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख खराब करने वाले नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने झाड़ू लगाया और छोटे बच्चों को फ्रूटी का वितरण किया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। छोटे बच्चों को फ्रूटी का वितरण किया गया और उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। बिस अवसर पर मोहनलाल गौर, महेश उपाध्याय, नंदकिशोर वशिष्ठ, सुरेंद्र सिंह बिडवाल आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों ने समुदाय की सेवा करने का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी लंबी आयु की कामना की।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर स्वर्गीय दमयंती गोयल के पौत्र और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के पुत्र ओजस के 16 वे जन्मदिन पर उन्हें पूरे परिवार का आशीर्वाद और स्नेह मिला। ओजस ने मात्र 12 वर्ष की आयु में पवित्र गीता के सभी श्लोक को कंठस्थ किया और उन्हें जीवन में आत्मसात करने का प्रयास किया। पुत्र ओजस के जन्मदिन पर उनके पिता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने भावों को फेसबुक पोस्ट के जरिए भी साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाकिस्तानी टीम, अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया

**लाहौर ।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया। बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था।

संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्यीय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (ढत्रद्र) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनको




15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया। मामला पाकिस्तान के पास पहुंचा जो उसने जांच एफआईए को सौंप दी।

### 2024 में भी गई थी फर्जी फुटबॉल टीम

एफआईए ने जांच के दौरान मंगलवार को मुख्य आरोपी वकास अली को पकड़ा। उसने बताया कि वह एक मानव तस्करी नेटवर्क से

**पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया**

जुड़ा है। उसने 2024 में भी 17 लोगों को फर्जी फुटबॉल टीम के नाम पर जापान भेजा था। वे लोग कभी वापस नहीं लौटे।

फर्जी पत्र और एनओसी बनाई गई जांच में पता लगा कि आरोपियों ने लोगों को जापान भेजने के लिए पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन और विदेश मंत्रालय के फर्जी पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) बनाए थे। हर व्यक्ति से लगभग 45 लाख पाकिस्तानी रुपये वसूले गए। एफआईए इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और जल्द ही बड़े खुलासे हो सकते हैं। अफसर मुख्य आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं।

# पीएम कार्नी के मंत्रिमंडल से क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने दिया इस्तीफा अगला चुनाव नहीं लड़ने की भी घोषणा की

**टोरंटो ।** क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। फ्रीलैंड ने पिछले साल भी वित्त मंत्री पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था, जिसके कारण जस्टिन ट्रूडो को कनाडा के प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ा था।

फ्रीलैंड ने परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री के पद से इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए अपने पत्र में कहा कि वह अगला चुनाव नहीं लड़ेंगी। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वह परिवार के साथ समय बिताने के लिए राजनीति से पीछे नहीं हट रही हैं। उन्होंने लिखा, 'बहुत आभार और थोड़े दुख के साथ मैंने फैसला किया है कि आज मैं मंत्रिमंडल से इस्तीफा दूं और अपने जीवन का यह अध्याय समाप्त करूं।'

अब कनाडा की नई विशेष प्रतिनिधि होंगी फ्रीलैंड प्रधानमंत्री कार्नी ने घोषणा की कि फ्रीलैंड अब संसद सदस्य की भूमिका निभाने के



साथ-साथ यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए कनाडा की नई विशेष प्रतिनिधि होंगी। यह नया पद मंत्रिमंडल से बाहर का होगा। दरअसल, फ्रीलैंड इस साल मार्च में लिबरल पार्टी के नेतृत्व की दौड़ में कार्नी से हार गई थीं, लेकिन बाद में उनके मंत्रिमंडल में वापस आकर परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री बन गईं।


ट्रूडो की सबसे ताकतवर मंत्री मानी जाती थीं फ्रीलैंडफ्रीलैंड कभी जस्टिन ट्रूडो की सबसे ताकतवर मंत्री मानी जाती थीं। उन्होंने उप-प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री दोनों के रूप में कार्य किया, लेकिन पिछले साल दिसंबर में उनके अचानक इस्तीफे ने ट्रूडो को प्रधानमंत्री और पार्टी नेता पद छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद, फ्रीलैंड ने पार्टी नेतृत्व के लिए चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें केवल 8 फीसदी वोट मिले।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने फ्रीलैंड पर देश में घुसने पर लगाई थी पाबंदी

वित्त मंत्री और उप-प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रीलैंड को 'पूरी तरह से विषाक्त' और 'समझौते करने के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नहीं' कहा था। फ्रीलैंड ही वह चेहरा थीं, जिन्होंने अमेरिका कनाडा और मैक्सिको के बीच नए व्यापार समझौते में कनाडा की ओर से अहम भूमिका निभाई थी। यूक्रेनी मूल की फ्रीलैंड, रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की कट्टर समर्थक भी रही हैं।

# खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव, पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

**जॉर्जिया।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय हैं। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया




है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया। '56 भारतीयों को सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े' भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल(@स्त्रंड्डी'ाँ१४५ाी) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा।

जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे।

# नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत संभावित बायोसिग्नेचर और जैविक कार्बन भी खोजा

**वॉशिंगटन ।** मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फॉर्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक-खनिज संकेत दर्ज किए हैं। इन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है।

ब्राइट एंजेल फॉर्मेशन जेजेरो क्रेटर का महीन चट्टानों से भरा क्षेत्र है।



ये चट्टानें अरबों वर्ष पूर्व बहते पानी से बनी थीं। यहां रोवर ने लोहे का ऑक्साइड, फास्फोरस, सल्फर और सबसे खास जैविक कार्बन खोजा। जैविक कार्बन जीवन का आधार है। जांच में कई अनोखी आकृतियां सामने आईं। छोटे गोल दाने (पॉप्पी सीड्स) व धब्बेदार पैटर्न (लेपर्ड स्पॉट्स) में विवियनाइट व ग्रेगाइट जैसे खनिज पाए गए, जो पृथ्वी पर पानी से भरे, कम तापमान वाले वातावरण में बनते हैं।

सूक्ष्म जीवों का योगदान या भूगर्भीय प्रक्रिया खोज की 2 संभावनाएं हैं। पहली, ये खनिज व संरचनाएं केवल भूगर्भीय प्रक्रियाओं से बनी हों। दूसरी, इनमें अरबों वर्ष पूर्व मौजूद सूक्ष्मजीवों का योगदान रहा हो। सल्फर आधारित संकेत सामान्यतः उच्च तापमान पर बनते हैं, लेकिन यहां उच्च तापमान के प्रमाण नहीं मिले। यह पहलू सूक्ष्मजीवों की भूमिका को पूरी तरह नकारने नहीं देता।

# यमन के बंदरगाह पर इस्राइल का हमला हूती विद्रोहियों का एयर डिफेंस भेदने को की कार्रवाई

**यमन।** यमन के हुदेदा बंदरगाह पर इस्राइल ने हमला किया है। हूती विद्रोहियों का एयर डिफेंस भेदने को की गई इस कार्रवाई में सैन्य ढांचे को निशाना बनाए जाने का दावा किया गया है। हूती विद्रोहियों के प्रवक्तायहया सारी ने बताया कि उनकी वायु-रक्षा प्रणाली के कारण इस्राइली विमानों को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि एयर डिफेंस सिस्टम से मिली चुनौती के कारण इस्राइली सेना के कुछ विमानों को यमन की वायुसीमा से पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

हमले की योजना बनाने वाली जगह पर इस्राइली सेना के हवाई हमले

इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने मंगलवार को हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह पर 'सैन्य ढांचे'



को निशाना बनाया। इस्राइल के मुताबिक यमन की इस जगह का इस्तेमाल ईरान से हथियारों की आपूर्ति और इस्राइल के अलावा उसके सहयोगियों पर हमले की योजना बनाने के लिए होता है।

पिछले हफ्ते भी इस्राइल ने हमला किया था, 31 लोगों की हुई थी मौत बंदरगाह हमला ऐसे समय में हुआ जब यमन की राजधानी सना में पिछले हफ्ते

**यमन के हुदेदा बंदरगाह पर इस्राइल ने हमला किया है। हूती विद्रोहियों का एयर डिफेंस भेदने को की गई इस कार्रवाई में सैन्य ढांचे को निशाना बनाए जाने का दावा किया गया है**

इस्राइली हमले में 31 लोगों के मारे जाने के बाद उनके अंतिम संस्कार संबंधी गतिविधियां हो रही थीं। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली हमलों में दर्जनों लोग मारे गए थे। हताहत होने वाले लोगों में पत्रकारों के अलावा आम नागरिक भी शामिल थे। बीते हफ्ते इस्राइल ने जो हमले किए इसमें यमन के सैन्य मुख्यालय, ईंधन स्टेशन और आवासीय इलाकों के अलावा राष्ट्रीय संग्रहालय और जव्फ प्रांत की राजधानी हज्म के कई सरकारी भवनों को भी भारी नुकसान हुआ। हूती विद्रोहियों के इन ठिकानों पर इस्राइल ने किए सटीक हमले पिछले सप्ताह इस्राइल के हमले से पहले हूती विद्रोहियों ने इस्राइल की तरफ एक ड्रोन लॉन्च किया था।

# एफबीआई प्रमुख की गवाही के दौरान हंगामा

## काश पटेल और सीनेटर कोरी बुकर के बीच हुई तीखी बहस

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की सीनेट न्यायिक समिति के समक्ष एफबीआई निदेशक काश पटेल की गवाही के दौरान मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को जोरदार हंगामा देखने को मिला। डेमोक्रेट नेता और न्यू जर्सी से सीनेटर कोरी बुकर ने पटेल पर आरोप लगाया कि उन्होंने देश की प्रमुख कानून प्रवर्तन एजेंसी को 'पीढ़ियों के लिए बर्बाद' कर दिया है।

इस पर काश पटेल और बुकर के बीच तीखी बहस हुई। गुस्से में एफबीआई प्रमुख ने सीनेटर बुकर को 'शर्मनाक' तक कह दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष, सीनेटर चक ग्रासली को दोनों लोगों पर नियंत्रण पाने और माहौल को शांत करने के लिए कई मिनट तक अपना हथौड़ा चलाना पड़ा। काश पटेल ज्यादा समय अपने पद पर नहीं टिक पाएंगेः बुकर बहस के दौरान सीनेटर बुकर ने यह भी भविष्यवाणी



की कि काश पटेल ज्यादा समय तक अपने पद पर नहीं टिक पाएंगे। उन्होंने पटेल से कहा कि डोनाल्ड ट्रंप 'तुम्हें छोड़ देंगे' और यह शायद आखिरी बार है जब वह उन्हें एफबीआई निदेशक के तौर पर सुन रहे हैं। सीनेट न्यायिक समिति की समक्ष पटेल की यह गवाही मुख्य रूप से चार्ली किर्क की हत्या की जांच को लेकर हो रही है। सीनेटर वेल्च ने पटेल पर खुद को प्रमोट करने का लगाया आरोप इससे पहले, अमेरिकी सीनेटर पीटर वेल्च ने बी पटेल पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि एफबीआई निदेशक चार्ली किर्क की हत्या की जांच में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करने की बजाय खुद को प्रमोट करने में लगे हैं।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से थरार्या मिनिया पोलिस, कुछ ही घंटों में दो जगह गोलीबारी

**अमेरिका ।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य का सबसे बड़ा शहर मिनियापोलिस सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को गोलियों की तड़-तड़ाहट से थर्रा उठा। कुछ ही घटों में शहर में दो जगह गोलीबारी की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से आठ लोग बेघर लोगों के एक कैंप में हुई गोलीबारी में घायल हुए, जिनमें चार की हालत गंभीर है। जबकि, कुछ ही घंटे पहले और थोड़ी दूरी पर एक ट्रांजिट स्टेशन के पास गोलीबारी हुई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। शहर के अधिकारियों ने इस क्षेत्र में हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं की पुष्टि की है।

गोलीबारी की यह घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं, जब मिनियापोलिस में हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी साल जून में मिनेसोटा हाउस स्पीकर मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति की उनके घर में हत्या कर दी गई थी। उसी दिन एक अन्य राज्य सांसद




और उनकी पत्नी को भी गोली मारी गई थी। इसके अलावा, अगस्त में एक चर्च में हुई गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हुई और 21 लोग घायल हुए थे।

पुलिस को रात 10 बजे मिली गोलीबारी की सूचना पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 बजे एक ऑफ-ड्यूटी अधिकारी को भागते हुए लोग मिले और बताया कि बेघर शिविर में गोलीबारी हो रही है। मौके पर पहुंचने पर पांच लोग घायल मिले, जिनमें तीन की हालत नाजुक थी। बाद में तीन और घायलों के अस्पताल पहुंचने की जानकारी मिली। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जमीन के मालिक साबरी ने बेघर लोगों के लिए खोला था शिविर यह गोलीबारी उस पार्किंग स्थल पर बने कैंप में हुई, जिसे जमीन के मालिक हमूदी साबरी ने जुलाई में बेघर लोगों के लिए खोल दिया था।

# बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना, जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई। माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इनकार करता है।

जैश कमांडर का खुलासा-बालाकोट में बैठकर दिल्ली-मुंबई में हमले कराए

वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी



कहता सुनाई दिया कि 'दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजाहिद्दीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया।' इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इनकार करता है। ऑपरेशन सिंदूर पर भी किया खुलासा मसूद इलियास कश्मीरी ने ये भी बताया कि किस तरह से भारतीय

**पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है**

सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जैश ए मोहम्मद के ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। वीडियो में मसूद इलियास कहते हुए सुनाई दे रहा है कि 'अपने देश की सीमाओं की हिफाजत के लिए हम दिल्ली में लड़े, काबुल और कांधार में लड़े। सबकुछ कुर्बान करने के बाद 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को तबाह कर दिया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने बहावलपुर में उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर दिया।'

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम तरीके से हत्या के बाद भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस दौरान पाकिस्तान के बहावलपुर, कोटली और मुरीदके जैसे आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों को भी निशाना बनाया गया।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी को प्रशांत चौधरी ने दी जन्मदिन की बधाई





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के जन्मदिन पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को वुडहिल ग्रुप के एमडी विवेक भाटी, डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी ने भी जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के समधी इंद्रजीत सिंह टाइगर ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को उनके जन्मदिन पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन शहर में सेवा दिवस के रूप में मना

# प्रताप विहार में बी.एल. संतोष ने किया हीराबेन स्मृति वाटिका का उद्घाटन, कई मेडिकल कैंप लगे






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन बुधवार को शहर में जन-जन का उत्सव बन गया। शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में यह दिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के जरिए लोगों ने प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं और उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की।

प्रताप विहार में रक्षा मंत्रालय की जमीन पर पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष ने स्व. हीराबेन स्मृति वाटिका का उद्घाटन किया और पौधरोपण किया। सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने भी पौधे लगाए।

**मुख्य अतिथियों के विचार :** बी.एल. संतोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की दुनिया में अलग पहचान बनी है। आर्थिक, रक्षा और अन्न उत्पादन के क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत का सपना अब हकीकत बन रहा है।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की ताकत को पूरा विश्व स्वीकार करता है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियानों में भारतीय सेना ने उनके मार्गदर्शन में अद्वितीय शौर्य दिखाया है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से भारत को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाया है। आज भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास का संगम बनकर विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है।

सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की शुभकामनाएँ भी दीं।

**कई गणमान्य रहे मौजूद :** कार्यक्रम में क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र, विजयनगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, पार्षद संतोष राणा, देवनारायण शर्मा, कन्हैया लाल, उमेश नगर, संतराम यादव और क्रॉसिंग मंडल प्रभारी संदीप त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक अजीतपाल त्यागी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने किया शुभारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए महानगर में विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व एवं युवा मोर्चा के संयोजन में एमजी हॉस्पिटल गाजियाबाद में भव्य रक्तदान शिविर लगाया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिनव प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रंजीत राय, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, राम त्यागी, प्रदीप चौधरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। रक्तदान शिविर के साथ ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, मरीजों में फल वितरण, मंदिरों व गुरुद्वारों में सफाई व प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भी संपन्न किए गए।

मुख्य अतिथि बी.एल. संतोष ने कहा कि सेवा भाजपा का मूल मंत्र है। मोदी जी का जन्मदिन समाज सेवा के लिए समर्पित है। रक्तदान जैसे महादान से न केवल जीवन बचते हैं बल्कि समाज में सेवा का संदेश भी जाता है। प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम ने कहा कि प्रधान सेवक का जन्मदिन सेवा कार्यों को समर्पित करना एक आदर्श है। रक्तदान शिविर से समाज को जीवनदान की प्रेरणा मिलती है और कार्यकताओं का उत्साह दिखता है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर की सफलता कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम है। बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर यह साबित किया कि भाजपा संगठन समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा है। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा महानगर संगठन ने सेवा पखवाड़े को व्यापक रूप दिया है। इस प्रकार, गाजियाबाद महानगर भाजपा ने रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया।

## गाजियाबाद में संपत्तियों की नई सर्किल रेट पर 30 सितंबर तक दे सकते हैं आपत्ति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में संपत्तियों की नई सर्किल रेट तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन ने लोगों से इस पर आपत्तियाँ और सुझाव मांगे हैं।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी/कलेक्टर गाजियाबाद के आदेश पर वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित सर्किल रेट तैयार कर लिए गए हैं। इन दरों को लेकर आम जनता से आपत्तियाँ 16 सितंबर से 30 सितंबर तक ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), सहायक महानिरीक्षक निबंधन और सभी उप निबंधक व तहसीलदार (सदर, लोनी और मोदीनगर) के कार्यालयों में रखी गई है। कोई भी व्यक्ति कार्यालय में जाकर सूची देख सकता है और अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

जनता से अपील की गई है कि जो भी व्यक्ति प्रस्तावित सर्किल रेट से असहमत है, वह 30 सितंबर तक किसी भी कार्यदिवस में लिखित आपत्ति सहायक महानिरीक्षक निबंधन या संबंधित उप निबंधक कार्यालय में जमा करा सकता है।

# पार्षद प्रवीण चौधरी और राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वच्छता के साथ मनाया पीएम का जन्मदिन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन, राजनगर में वार्ड 84 के सेंट्रल पार्क में एक विशेष 'स्वच्छता सेवा' कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। यह आयोजन राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी और राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर, राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डी. के. गोयल, महामंत्री अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी और क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत जैसे कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भोला, भाई शेर सिंह और राहुल चौधरी, रामलीला के प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, और पीएम के सबसे प्रिय सफाई कर्मी भी शामिल हुए।



आयोजकों ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस दिन को स्वच्छता और समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर पार्क और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई में योगदान दिया, जिससे यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## इंदिरापुरम में निगम का 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम

# महापौर बोलीं, स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी, नगर आयुक्त ने गिनाए विकास कार्य






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम गाज़ियाबाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम का आयोजन इंदिरापुरम स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में किया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। दोनों ने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में पार्षदों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी शामिल हुए।

**विकास कार्यों की रफ्तार तेज :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि इंदिरापुरम को नगर निगम के हैंडओवर के बाद से विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ी है। नालों और सड़कों का निर्माण, हर घर से कूड़ा संग्रहण जैसी योजनाएँ लगातार चल रही हैं। उन्होंने कहा कि निगम की प्राथमिकता स्वच्छ और व्यवस्थित शहर उपलब्ध कराना है।

**स्वच्छता की शपथ दिलाई :** महापौर सुनीता दयाल ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना केवल निगम की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। नागरिकों से अपील की गई कि वे न तो गंदगी फैलाएँ और न फैलाने दें। अगर कहीं गंदगी दिखाई दे तो तत्काल निगम को सूचित करें।

**सेंट्रल वर्ज पर कार्रवाई के निर्देश :** कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने सेंट्रल वर्ज की गंदगी की शिकायत की। मौके पर निरीक्षण के बाद महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और तत्काल सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने वाली लिसा कंस्ट्रक्शन फर्म पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए।

**सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि :** महापौर और नगर आयुक्त ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सेवा और स्वच्छता ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर न सिर्फ शहर बल्कि पूरे देश को मजबूत करें।

### पार्षदों ने लिया झाड़ू हाथ में



करंट क्राइम। स्वच्छता कार्यक्रम में पार्षदों और अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर अभियान की शुरूआत की। नाले और उसके आसपास की विशेष सफाई कराई गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि मौके पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने के लिए टीमों को निर्देश दिए गए हैं।

# लखीमपुर खीरी में पावर फाइटिंग चैंपियनशिप प्रिंस चौधरी ने बनाया स्टेट रिकॉर्ड

## जूनियर कैटेगरी में पहला मेडल जीतकर बढ़ाया उत्तर प्रदेश का मान



**लखीमपुर खीरी, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश पावर फाइटिंग चैंपियनशिप 12 से 15 सितम्बर तक लखीमपुर खीरी में आयोजित हुई। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में गाज़ियाबाद के प्रिंस चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट रिकॉर्ड बनाया और पहला मेडल जीतकर उत्तर प्रदेश का सम्मान बढ़ाया।

मेडल जीतने के बाद प्रिंस चौधरी जब गाज़ियाबाद के महामाया स्टेडियम पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक, डिप्टी अशोक अवस्थी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रंजीत राय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ युगल सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। प्रिंस चौधरी इन दिनों पावरलिफ्टिंग की तैयारी भी कर रहे हैं। उन्हें प्रशिक्षण दे रही हैं दीक्षा शर्मा, जो पावरलिफ्टिंग की पाँच बार की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुकी हैं।

## धर्म-कर्म



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिल्ली स्थित मरघट वाले हनुमान जी मंदिर प्रांगण में आयोजित 108 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ में पहुँचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी सोनू पाठक भी मौजूद रहे। यह दिव्य यज्ञ राष्ट्र, समाज और समस्त जनमानस की सुख-समृद्धि एवं कल्याण को समर्पित रहा।

# वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास हादसा भाजपा पूर्व अध्यक्ष की कार से टकराया ट्रक

## बाल-बाल बची जान, ट्रक चालक टक्कर मारकर फरार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार देर शाम बड़ा हादसा टल गया। भाजपा गाज़ियाबाद के पूर्व अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी की कार को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि गोस्वामी बाल-बाल बच गए।

मान सिंह गोस्वामी ने बताया कि ट्रक चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। ट्रक का नंबर त्क्ष्फ58-ऊ5898 है। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन और भाजपा गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को दी गई। गोस्वामी ने कहा कि यह ट्रक चालक की लापरवाही और दुस्साहस का नतीजा है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था।

# आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी विवाद पर बनी अस्थायी समिति

## डिप्टी रजिस्ट्रार ने किया गठन, उमेश पप्पू नागर होंगे अध्यक्ष



**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी, राजनगर सेक्टर-23 से जुड़े विवाद के बीच जिला प्रशासन ने रामलीला के शांतिपूर्वक संचालन के लिए अस्थायी समिति का गठन कर दिया है। डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति की अध्यक्षता उमेश पप्पू नागर करेंगे।

डिप्टी रजिस्ट्रार ने बताया कि कार्यालय के आदेश 12 सितंबर 2025 के क्रम में दोनों पक्षों से नाम आमंत्रित किए गए थे। इसमें से सहमति बनाकर छह नामों को शामिल करते हुए अस्थायी समिति गठित की गई है। समिति में उमेश पप्पू नागर, अनुज राघव, हरेन्द्र यादव, अरुण शर्मा, अशोक चांदीवाल और प्रदीप चौधरी को सदस्य बनाया गया है।

उमेश पप्पू नागर ने पहले ही रामलीला के संचालन से जुड़े अनुबंध, साउंड सिस्टम, रावण पुतले, आतिशबाजी, झांकी, लाइट और टेंट आदि की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर दी हैं। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। डिप्टी रजिस्ट्रार ने स्पष्ट किया है कि यह समिति केवल वर्तमान वर्ष की रामलीला के सफल संचालन तक अस्तित्व में रहेगी और इसके समापन के बाद स्वतः समाप्त हो जाएगी। सभी सदस्यों को अध्यक्ष उमेश पप्पू नागर के नेतृत्व में कार्यक्रम के शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।